मेरे मन में खाटूश्याम | by Bharat Goyal Balotra

मेरे मन में खाटूश्याम
तेरे मन में खाटूश्याम
रोम रोम में समाये खाटूश्याम रे
मेरी साँसों में समाये खाटूश्याम रे

जैसे फूलों में सुगंध
जैसे कलियों में है रंग
पत्ते पत्ते पे लिखा है खाटूश्याम रे
मेरी साँसों में समाये खाटूश्याम रे

जैसे नदियों में है गंगा
जैसे नभ में चमके चंदा
कतरे कतरे में बहते हैं खाटूश्याम रे
मेरी साँसों में समाये खाटूश्याम रे

तेरा चुलकाना में धाम
तेरा गोकुल नगरी धाम
तेरा वृन्दावन में धाम
तेरा मथुरा में भी धाम
जैसे खाटू में बिराजे खाटूश्याम रे
मेरी साँसों में समाये खाटूश्याम रे

लाऊँ रींगस से निशान
प्यारा लागे तोरण द्वार
मेरा हारे का सहारा बाबा श्याम है
मेरी साँसों में समाये खाटूश्याम रे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-bharat-goyal-balotra/